डिजीटल पत्र
दैनिक
# कांग्रेस दर्पण
पटना, 21 नवंबर, मंगलवार, 2023



बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# भारत माता : हर एक भारतीय की आवाज - राहुल गांधी

भारत माता - जमीन का टुकड़ा भर नहीं, कुछ धारणाओं का गुच्छा-भर भी नहीं है, न ही किसी एक धर्म, संस्कृति या इतिहास - विशेष का आख्यान, न ही कोई खास जाति - भर। बल्कि हरेक भारतीय की पाठा-पाटा आवाज है भारत माता - चाहे वह कमजोर हो या मजबूत। उन आवाजों में गहरे पैठी जो ख़ुशी है, जो भय और जो दर्द है - वही है भारत माता ।



भारत माता की यह आवाज सब जगह है। भारत माता की इस आवाज को सुनने के लिए आपकी अपनी आवाज को, आपकी इच्छाओं को, आपकी आकांक्षाओं को चुप होना पड़ेगा। भारत माता हर समय बोल रही हैं। भारत माता किसी अपने के कान में कुछ न कुछ बुदबुदाती है, मगर तभी जब उस अपने का आत्म पूरी तरह से शांत हो, जैसे एक ध्यानमग्न मनुष्य का मौन सब कुछ कितना सरल था। भारत माता की आत्मा का वह मोती जिसे मैं अपने भीतर की नदी में खोज रहा था, सिर्फ भारत माता की सभी संतानों के हहराते हुए अनंत समुद्र में ही पाया जा सकता है।

# इन्दिरा गाँधी देश की ही नहीं, विश्व की नेता थीं : डॉ. अखिलेश

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की 106 वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान पार्षद डॉ. समीर कुमार सिंह ने की।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने दिल्ली से भेजे अपने संदेश में कहा कि इन्दिरा गाँधी देश की ही नहीं विश्व की नेता थी। 1971 के युद्ध के बाद श्रीमती गाँधी विश्व स्तर की नेता बन गई। देश के नवनिर्माण में आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध देश की इकलौते महिला प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी की अहम भूमिका रही है।

डॉ. सिंह ने कहा कि उन्होंने देश की राजनीति में अपनी नीतियों से अहम योगदान दिया है और अपने कार्यकाल में देश से गरीबी हटाने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजा-महाराजाओं के प्रीवी पर्स हटाने जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य किए। और अंत में उन्होंने देश की एकता एवं अखण्डता के लिए अपनी कुर्बानी तक दे दी। कृतज्ञ राष्ट्र अनन्त काल तक उनके त्याग और बलिदान को याद रखेगा। इस मौके पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित इन्दिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चन्दन बागची, कौकब कादरी, डा0 अशोक कुमार, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, मुन्ना शाही, सरवत जहाँ फातिमा, मधुरेन्द्र सिंह, शशिकांत तिवारी, डॉ. विनोद शर्मा, शशि रंजन, उदय शंकर पटेल, अखिलेश्वर सिंह, डॉ. विनोद यादव, उमेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिंह, वसी अख्तर, ललित सिंह, विमलेश तिवारी, सिद्धार्थ क्षत्रिय, सुदय शर्मा, प्रियंका सिंह, चितरंजन कुमार, अक्षत कुमार, बकी सज्जन, सुभाष झा, पवन केशरी, शर्मानंद पाण्डेय ने भी इन्दिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



# इंदिरा गाँधी की जयंती मनाई

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

बलिया बेगूसराय 20 नबंबर

बलिया प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे साहेबपुर कमाल बिधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व प्रतियासी सह बलिया पीसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह के अध्यक्षता मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गाँधी की जयंती मनाई गई इस अवसर पर कांग्रेस नेताओ ने कहा की इंदिरा गांधीजी देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी और देश के बिकास देश की सुरक्षा के लिए अंतिम सांस तक लड़ती रही और अंत मे देश की रक्षा करते हुए शाहिद हो गईं इसलिए जवतक सूरज चाँद रहेगा इंदिरा गांधीजी के द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान के कारण उनका नाम रहेगा

इस अवसर कांग्रेस नेता मोङ्क सोहेल अहमद नवीन सिन्हा गंगा महतो छेदी महतो कुंदन कुमार नीरज सिंह मोङ्क मेहराज राज शर्मा रंजीत कुमार सहित अनेक लोगो ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी को श्रद्धांजलि अर्पित क्या

# खत्म हो रहा मोदी का जादू, बीजेपी की होगी करारी हार : डॉ0 संजय

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के बीच मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में वोटिंग हो चुकी है. अब राजस्थान और तेलंगाना बचे हैं. राजस्थान में विधानसभा की 200 सीटों के लिए और तेलंगाना में 119 सीटों के लिए चुनाव होने हैं.

दोनों राज्यों में एक ही चरण में मतदान होंगे, राजस्थान में मतदान 23 नवंबर को डाले जाएंगे, वहीं तेलंगाना में 30 नवंबर को डाले जाएंगे. बिहार पप्रदेश कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने कहा कि मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वोटिंग रुझानों और राजस्थान एवं तेलंगाना में जनता के रुख को देखते हुये देश की राजनीति में भारी बदलाव के आसार हैं। 2014 से जो मोदी लहर का जादू जनता के बीच चढ़ कर बोल रहा ठ वह अब समाप्त हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा से देश मे बदलाव की लहर



शुरू हुई थी जो सब तूफान का रूप ले चुकी है। मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में कांग्रेस की भारी बहुमत की सरकार बनने जा रही है। वहीं राजस्थान और तेलंगाना में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे की सभाओं में जनता की उमड़ती भारी भीड़ मोदी लहर की समाप्ति और कांग्रेस के तूफान की ओर संकेत कर रही है।

डॉ० संजय ने कहा कि जनता अब जुमलेबाजी से ऊब गई है। वर्तमान केंद्र सरकार में वादों के भरोसे लम्बे समय तक जनता को धोखा दिया है। अब जनता का मोदी से मोहभंग हो चुका है। पांचों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। जनता की जेब से पैसे निकाल कर अपने उद्योगपति मित्रों को देश के पैसे लुटाने वाले मोदी की सरकार के उल्टे दिन प्रारंभ हो गये हैं। सोनिया-राहुल- प्रियंका तथा मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में देश की जनता अब कांग्रेस पर भरोसा कर रही है।

# कटिहार : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न छठ पूजा घाट पर पहुंच कर दिया अर्घ व कई कार्यक्रमों में लिया भाग

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के मौके पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न छठ पूजा घाट पर पहुंचकर अर्घ दिया जबकि कई कार्यक्रमों में भी भाग लिए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर मनिहारी के विभिन्न छठ घाट पर पहुंच कर जहां अर्घ दिया, वहीं कटिहार शहर के विभिन्न छठ पूजा घाट पर भी पहुंचकर अर्घ देते हुए कई कार्यक्रमों में भाग लिए।

मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर ने कहा कि पूरे हिंदुस्तान में यही परंपरा रही है कि इस देश में रहने वाले सभी लोग एक दूसरे के पर्व-त्यौहार में शामिल होकर आपसी सौहार्द के साथ पर खुशी बांटते हैं और एक दूसरे के पर्व-त्यौहार में शामिल होते हैं।

उन्होंने कहा कि आस्था का महापर्व छठ एक ऐसा पर्व है जिसमें सभी समुदाय के लोग बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं और अपनी भागीदारी देते हैं और यही हमारे देश की परंपरा रही हैं।

वहीं उन्होंने कई छठ पूजा घाट पर पहुंचकर कमेटी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में भी भाग लेकर कमेटी से जुड़े सदस्यों को सम्मानित किया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, संजय सिंह, अवधेश मंडल, सउद आलम, फिरोज कुरेशी, राजेश रंजन मिश्रा, मोहम्मद इश्तियाक आलम, मन्नी पासवान, मोहम्मद रियाज, राज आनंद, सुबोध यादव, मोहम्मद असलम, मोहम्मद आदिल, राकेश पोद्दार, कुंदन झा, शिवम सिंह, सोनू राय सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# कांग्रेस महासचिव श्रीमती **Priyanka Gandhi Vadra** जी का राजस्थान की वीरभूमि पर भव्य स्वागत।

## राजस्थान की खुशहाली बता रही है... यहां फिर से कांग्रेस आ रही है।





कांग्रेस अध्यक्ष श्री Mallikarjun Kharge ने राजस्थान के हनुमानगढ़ में विशाल जनसभा को संबोधित किया। राजस्थान की कांग्रेस सरकार जनता को मोदी जी की महंगाई से राहत दे रही है, उनका जीवन आसान बना रही है।

इसलिए तो सभी कह रहे हैं- काम किया दिल से, कांग्रेस फिर से।

# मोदी सरकार मतलब नाकामी और भ्रष्टाचार

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

■ खुद को राष्ट्रवाद का ठेकेदार बताने वाली पार्टी भाजपा और उसके पोस्टरबॉय मोदी जी की सच्चाई जितनी घिनौनी है, उससे अधिक देश के लिए खतरनाक। पिछले नौ-दस सालों में देश की समाज व्यवस्था से लेकर अर्थव्यवस्था को इस सरकार ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। बड़े-बड़े दावे करने वाले प्रधानमंत्री का पूरा कार्यकाल ही नाकामी, झूठ और भ्रष्टाचार की गवाही है।

■ मोदी जी धड़ल्ले से दावा करते हुए कहते हैं कि कोरोना के दौरान हमारी आर्थिक उपलब्धियों की दुनिया ने प्रशंसा की है। जबकि हकीकत ये है कि कोरोना के दौरान तो छोड़ ही दीजिए, प्रधानमंत्री कोरोना के बाद भी अर्थव्यवस्था को संभालने में बुरी तरफ फेल रहे हैं। नतीजतन दो साल के भीतर 40 हजार से अधिक मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियां बाजार से बाहर हो गईं। मोदी जी ने अपने गिने चुने मित्रों की बड़ी-बड़ी कंपनियों को मनमानी छूट देकर तमाम छोटी कंपनियों के दरवाजे पर हमेशा के लिए ताले लगवा दिये। जिससे लाखों परिवारों के सामने दो जून की रोटी का संकट खड़ा हो गया। मगर इस संकट से प्रधानमंत्री को क्या लेना-देना। प्रधानमंत्री का पूरा फोकस तो अपने मित्र की तिजोरी भरने पर है।

■ ये वही प्रधानमंत्री हैं, ये वही सरकार है, जिन्होंने कोरोना काल के दौरान जनता को मरने के लिए छोड दिया था। मोदी जी के मंत्री जनता की तकलीफ सुनने की बजाए ऊलजलूल बयान दे रहे थे। आपको याद होगा कि कोरोना महामारी के बीच जब लोग आक्सीजन सिलेंडर, इंजेक्शन और अस्पतालों में बेड के लिए तड़प रहे थे, तब यही प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल की चुनावी रैलियों में 'दीदी ओ दीदी' कर रहे थे। मोदी सरकार की नाकामियों से कई हजार परिवारों के चुल्हे बुझ गए, श्मशानों पर लंबी कतारें लगी रही। इस देश के लाखों नागरिक अस्पताल में, तो हजारों पैदल चलते-चलते मर गए थे और जब संसद में कोरोना पर चर्चा हुई तो सरकार ने कह दिया कि कोरोना से तो कोई मरा ही नहीं है। यही मोदी सरकार का असली चाल और चरित्र है।

■ खुद को काबिल बताने वाली मोदी सरकार भ्रष्टाचार में नाक तक डूबी हुई है, यही कारण है कि ये सरकार देशवासियों के लिए दुर्भाग्य साबित हो रही है। ये सरकार अपने निकम्मेपन पर पर्दा डालने के लिए तमाम अनर्गल हथकंडे अपनाती है, सच की आवाज को दबाने के लिए हरसंभव जोर लगाती है। सरकार समस्या का हल ढूंढ़ने की बजाय समस्या को छिपाकर उसे प्रोपेगेंडा के जरिए उपलब्धि के रूप में बताने की कोशिश करती है। इसी का नतीजा है कि आज बेरोजगारी, भुखमरी, भ्रष्टाचार से देश त्रस्त है, लोग हताश और निराश हैं, मगर मोदी जी इस पर कोई बात नहीं करते। चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है, मणिपुर छह महीने बाद भी धधक रहा है, प्रधानमंत्री हैं कि मुंह में जुबान ही नहीं है। प्रधानमंत्री देशवासियों के प्रति अपना कर्तव्य भूलकर और अपने भ्रष्टाचारी मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए खुलेआम देश का बंटाधार कर रहे हैं।

आज ये देश पूछ रहा है कि प्रधानमंत्री जी देश और देशवासियों के साथ विश्वासघात करके आपको क्या हासिल होगा?

# मिर्जापुर: पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 106 वीं जयंती मनाई गई

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



कांग्रेस नेताओं द्वारा रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 106 वीं जयंती मनाई गई। कांग्रेसजनों ने मिर्जापुर स्थित शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे ज़िला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मो. असलम ने कहा कि स्व .इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल मे कई एतिहासिक और साहसिक फैसले लेकर पूरे विश्व मे भारत का नाम रोशन किया. कहा कि आज देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व उन्हें नमन कर रहा है। उप महापौर श्रीमती नाजिया हसन ने कहा कि इंदिरा गांधी देश ही नही बल्कि पूरे विश्व की नेता के रूप मे जानी जाती थी। पूर्व महापौर अजय कुमार जालान ने कहा कि भारत परमाणु संपन्न देश इंदिरा गांधी के शासन मे ही बन गया था। वहीं ज़िला उपाध्यक्ष रामपुकार चौधरी, मनोज भारती, जीवन झा, अखिलेश चौधरी, रमन झा, गोपाल झा, ने स्व. इंदिरा गांधी को भारत मे अबतक का सबसे मज़बूत और साहसिक प्रधानमंत्री बताया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होने अपने कार्यकाल मे निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत किया और गरीबों के लिए बैंकों का द्वार खोल दिया।

गोष्ठी को कांग्रेस ज़िला महासचिव सुशील कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार अमर, शोएब अंसारी, अंसार हसन, उमेर आलम, नसीम हैदर, संतोष श्रीवास्तव, राजेश चौधरी, अनिल कुमार सिंह, मो. हलीम, हसमत अंसारी, सिद्धांत गंगनानी, सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

# भारतीय समाज में आर्थिक और सामाजिक असमानताओं के सामान्य कारक

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

सच्चर समिति, रंगनाथ मिस्रा आयोग, और महमूदुर रहमान समिति के संयुक्त निष्कर्षों का विश्लेषण



डॉक्टर दानिश लांबे

भारत विविध संस्कृतियों, धर्मों, और भाषाओं का देश है, लेकिन इस विविधता के पीछे एक स्पष्ट सच्चाई यह है कि भारतीय आबादी के विभिन्न वर्गों के बीच में मौजूद आर्थिक और सामाजिक असमानताएँ हैं। इन असमानताओं को कम करने और समावेशिता को बढ़ावा देने की चुनौती भारत के लिए लंबे समय से एक समस्या बनी हुई है। इन मुद्दों का समाधान खोजने के लिए कई समितियों और आयोगों का गठन किया गया है। इस विस्तृत लेख में हम तीन महत्वपूर्ण समितियोंः सच्चर समिति, रंगनाथ मिस्रा आयोग, और महमूदुर रहमान समिति (महाराष्ट्र) के संयुक्त निष्कर्षों और अंतर्दृष्टि का विश्लेषण करेंगे।

*तालीमी असमानताः*

इन समितियों ने जिन मुद्दों की पहचान की है उनमें से सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा में असमानता है, विशेष रूप से मुसलमानों के बीच में। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच एक बड़ी चुनौती है, जिसके कारण प्रवेश दर में कमी और ड्रॉप आउट दर में वृद्धि हुई है। नतीजतन, इन समितियों ने विशेष रूप से उच्च शिक्षा में शिक्षा की पिछड़ी स्थिति का उल्लेख किया है, जो इन समुदायों के लिए लाभकारी रोजगार के अवसरों तक पहुँच को सीमित करती है।

सच्चर समिति और रंगनाथ मिस्रा आयोग ने पाया कि मुसलमानों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने में कठिनाइयाँ होती हैं, और एक बार प्रवेश मिल जाने के बाद भी, वे तकनीकी और पेशेवर पाठ्यक्रमों में कम प्रतिनिधित्व वाले होते हैं। ये बाधाएँ न केवल आर्थिक असमानताओं को बढ़ाती हैं, बल्कि एक विविध और कुशल कार्यबल बनाने के व्यापक उद्देश्य को भी कमजोर करती हैं।

*आर्थिक पिछड़ापनः*

इन समितियों के निष्कर्षों में बार-बार आर्थिक असमानताओं का विषय सामने आया है। उन्होंने उजागर किया है कि लक्षित समुदाय, जैसे कि मुसलमान, कम आय स्तर और आर्थिक अवसरों तक सीमित पहुंच जैसी आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उच्च बेरोजगारी दर और अपर्याप्त रोजगार आम मुद्दे हैं, जो नौकरियां पैदा करने और कौशल विकास की पहलों की आवश्यकता को दर्शाते हैं।

इतिहासिक भेदभाव, संसाधनों तक सीमित पहुंच, और शिक्षा में पिछड़ापन जैसे कई कारकों के कारण आर्थिक कल्याण में अंतर होता है। ये आर्थिक चुनौतियाँ आर्थिकरूप से पिछड़े समुदायों को ऊपर उठाने के लिए विशिष्ट नीतियों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती हैं।

*रोजगार की चुनौतियाँः*

इन समितियों के निष्कर्षों ने एक स्पष्ट समस्या की ओर इशारा किया हैः उपयुक्त रोजगार के अवसरों तक सीमित पहुँच। लक्षित समुदायों में उच्च बेरोजगारी दर और अपर्याप्त रोजगार का होना दर्शाता है कि श्रम बाजार सभी आबादी के हिस्सों को समान अवसर प्रदान नहीं कर रहा है। यह रोजगार की चुनौती कई पहलुओं पर आधारित है। इसमें शिक्षा तक असमान पहुँच, नौकरी के बाजार में भेदभाव, और कुछ समुदायों का कम आय वाले व्यवसायों में समूहीकरण शामिल है। इस मुद्दे का समाधान नौकरियां पैदा करने, समान रोजगार तक पहुँच सुनिश्चित करने, और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने में है।

*मूलभूत सुविधाओं तक पहुँचः*

इन समितियों के निष्कर्षों में स्वास्थ्य सेवा, साफ पानी, और उचित आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं तक पहुँच की कमी के मुद्दे सामने आए हैं। लक्षित समुदाय अक्सर इन बुनियादी सेवाओं तक पहुँचने में मुश्किलों का सामना करते हैं, जो उनकी समग्र भलाई पर गहरा प्रभाव डाल सकती है।

गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं तक पहुँच की कमी से इन समुदायों में स्वास्थ्य असमानताएं और जीवन प्रत्याशा में कमी हो सकती है। साफ पीने का पानी एक बुनियादी आवश्यकता है, फिर भी यह कई लोगों के लिए अभी भी अप्राप्य है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। इसके अतिरिक्त, अपर्याप्त आवासीय स्थितियाँ भीड़-भाड़ और निम्न जीवन स्तर का कारण बन सकती हैं, जो सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकती हैं। इन मूलभूत सुविधाओं तक पहुँच में असमानता को कम करना इन समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार और उनकी समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य है।

*नुमाइंदगी की कमीः*

इन समितियों के निष्कर्षों में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा लक्षित समुदायों की सरकारी नौकरियों, शैक्षिक संस्थानों, और राजनीतिक पदों में कम प्रतिनिधित्व का है। यह कम प्रतिनिधित्व हमारी सरकारी और निर्णय निर्माण प्रक्रियाओं में समावेश और समानता के सवालों को जन्म देता है।

सरकारी नौकरियों में, समितियों ने पाया कि लक्षित समुदाय प्रवेश और पदोन्नति में बाधाओं का सामना कर रहे हैं। इसी प्रकार, शैक्षिक संस्थानों में, उन्होंने प्रवेश में असमानता और शिक्षण और प्रशासनिक स्टाफ में कम प्रतिनिधित्व को देखा। राजनीतिक नुमाइंदगी की कमी नीति निर्णयों और संसाधन आवंटन पर भी प्रभाव डालती है, जो इन समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ाती है।

सभी क्षेत्रों में अधिक प्रतिनिधित्व और समावेशन को बढ़ावा देना एक न्यायपूर्ण और समान मानव समाज की स्थापना के लिए आवश्यक है।

*रिजर्वेशन की सिफारिशेंः*

सच्चर समिति और रंगनाथ मिस्त्रा आयोग ने धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के बारे में महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। ये सिफारिशें समावेश, समान अवसरों, और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए की गई हैं।

सरकारी नौकरियों, शैक्षिक संस्थानों और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण की प्रस्तावना इतिहासिक अन्यायों से निपटने और हाशिये पर पड़े समुदायों को उठाने के लिए की गई है। समितियों ने जोर दिया है कि ये आरक्षण वस्तुनिष्ठ मानदंडों पर आधारित होने चाहिए और इनकी प्रभावशीलता को विषमताओं को कम करने में उनकी कार्यक्षमता की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए।

आरक्षण का मुद्दा भारत में विवाद और चर्चा का विषय रहा है, जहाँ समर्थकों का कहना है कि ये ऐतिहासिक अन्यायों से निपटने के लिए आवश्यक हैं, जबकि आलोचकों का मानना है कि इससे उल्टे भेदभाव का खतरा हो सकता है और आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए अधिक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

शेष अगले अंक में

# भारतीय युवा काँग्रेस ने इंदिरा गांधी की जयंती पर गया के दर्जनों सशक्त, सामाजिक महिलाओ को सम्मानित किया

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

भारतीय युवा काँग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी भी श्रीनिवास के दिशानिर्देश पर गया जिला युवा काँग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार ने भारतरत्न प्रियदर्शनी देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 106 वीं जयंती पर गया के दर्जनों सशक्त, सामाजिक, शैक्षणिक संस्थानों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले महिलाओ को ₹ इंदिरा प्रियदर्शनी अवार्ड 2023 ₹ से सम्मानित किया।



गया जिला युवा काँग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद मो ज मि ल, गौतम चंद्र वंशी, विक्की कुमार, तथा बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, अमरजीत कुमार आदि ने गया नगर निगम के उप महापौर श्रीमती चिंता देवी, वार्ड पार्षद अंजना श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद ममता किरण, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य समाजसेवी गीता दीदी, जी डी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य स्नेहा शाही, सहित कई महिलाओ को सम्मानित किया।

इस अवसर पर काँग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी देश के आधी आबादी के लिए आज भी प्रेरणा श्रोत है।



**19.11.2023 को मटिहानी प्रखंड के लालपुर गाँव मे भारत की लौह महिला , भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधीजी की जयंती कांग्रेस विचार विभाग के प्रखंड अध्यक्ष श्री सम्बुज कुमार के अध्यक्षता मे श्रद्धा के साथ मनाई गई।उपस्थित सभी सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित करके जयंती मनाया, इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य श्री सच्चिदानंद सिंह, जिला कांग्रेस कमिटी विचार विभाग के उपाध्यक्ष मुकेश जी , प्रवक्ता प्रोफ़ेसर रणजीत अंशुमाली ने विस्तार से जीवानी पर अपना विचार रखा।अंत मे अध्यक्ष के आदेश से सभा को समाप्त किया।**





## इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार 2023

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी जी की जन्म जयंती पर रविवार को जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहन कुमार के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रभावशाली महिलाऐं विजेता कुमारी ,प्रियांका कुमारी व अन्य को इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।

वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी ने महिलाओं को स्वाबलंबी और सशक्त बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो.शम्स शाहनवाज, कमालुद्दीन रजा, अफजल राणा, गुलशन मिश्रा, राजीव कुशवाहा, राहुल रमेश गुप्ता, सुंदरम पाठक,अजय कुमार, तनवीर खान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।





## मैं डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह समस्त बिहार वासियों से अपील करता हूं की नफरत को मिटाने के लिए दिल से जोड़े दिल और हाथ से जोड़े हाथ आईए कांग्रेस के साथ

**हर हाथ शक्ति, हर हाथ तरक्की**

# देश की पार्टी कांग्रेस पार्टी

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की पहल

### जुड़ें कांग्रेस से, जुड़ें कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों से

भाइयों और बहनों

- आइये जुड़े बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी से
- सभी युवा जुड़ें यूथ कांग्रेस से
- बहने एवं महिलाएं जुड़ें महिला कांग्रेस से
- कॉलेज के छात्र-छात्रा जुड़े एन एस यू आई से
- बेरोजगार युवा जुड़े सेवादल यंग ब्रिगेड से
- जुड़ें कांग्रेस पार्टी से
- जुड़े महिला सेवादल से



**प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार**

अध्यक्ष, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल
सदाकत आश्रम, पटना

## कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, बिहार की जनता जिंदाबाद

# बेगूसराय में देशरत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा प्रियदर्शनी की 106 वीं जयन्ती मनाई गयी

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

कॉंग्रेस भवन बेगूसराय में देशरत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा प्रियदर्शनी की 106 वीं जयन्ती जिलाध्यक्ष अभय कुमार सार्जन की अध्यक्षता में मनाई गई।

इंदिरा जी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद बैठक को सम्बोधित करते हुए सार्जन ने कहा आजादी की लड़ाई में भी इंदिरा जी बढ़चढ़कर हिस्सा लेती थी,दौड़ते-भागते आजादी के दीवाने को पानी पिलाती थी,उन्हें अपने घर में बने भोजन खिलाती थी।

प्रधानमंत्री बनने के बाद दो-दो बार हरित क्रांति लाने का काम की।श्वेत क्रांति एक बार लाई।उन्होंने पहली बार परमाणु परीक्षण की,जबकि अमेरिका विरोध कर रहा था।। उनकी कार्यनीति बेमिशाल रही।।

इस अवसर पर रामविलास सिंह ने कहा इंदिरा जी निर्भीक और दूरद्रष्टा नेत्री थी।।



प्रवक्ता चुनचुन राय एवम रणजीत कुमार मुखिया जी ने इंदिरा जी के उस कथन को याद करते हुए मेरे खून का एक एक-एक कतरा देश के काम आएगा, को याद कर भावुक हुए।

बैठक को जिलाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य अभय कुमार सार्जन,जिला कॉंग्रेस कमिटी के कार्यक्रम क्रियान्वयन संयोजक सह सदस्य जिला बीस सूत्री रामविलास सिंह,कॉंग्रेस के दलित नेता लखन पासवान,अल्पसंख्यक नेता मो.मतीन,प्रवक्ता द्वय चुनचुन राय,रणजीत कुमार मुखिया जी,प्रखंड अध्यक्ष द्वय रामानुज कुँवर,ब्रजेश कुमार प्रिंस,कॉंग्रेस नेता डॉ रजनीश कुमार, सुबोध कुमार झा,सुनील कुमार, साकेत कुमार, मुन्ना जी सहित कई गणमान्य लोंगों ने सम्बोधित किया।

भवदीयः-रणजीत कुमार मुखिया जी₹₹प्रवक्ता₹₹जिला कॉंग्रेस कमिटी।

# इन्दिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

जिला कांग्रेस कमिटी जहानाबाद में पुर्व प्रधानमंत्री स्व इन्द्रागांधी की 106वी जयंती समारोह जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में धूम धाम से मनाया गया सर्व प्रथम सभी लोगो ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया उसके बाद उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया इन्द्रागांधी ने अपने कार्यकाल में अनेको उपलब्धि हासिल किया।

उन्होने 1966से 1977 तक लगातार 3पारी के लिये देश के प्रधानमंत्री रही एबं 4 पारी के लिये 1980 से 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत के प्रधानमंत्री रही इन्द्रागांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुया था इन्द्रागांधी में बचपन से ही देशभक्ति की भावना से प्रेरित हो कर 5वर्ष की उम्र में इन्द्रा ने



अपनी गुड़िया जलाने का फैसला किया क्योकी वह इंग्लैंड से लाई हुयी थी 12 वर्ष की उम्र में इन्द्रा ने वानर सेना बनायी थी जब पाकिस्तानी सेना ने जब 1971 मे भारत पर हमला किया।

तब इन्द्रागांधी ने मुहतोड़ जबाब देते हुए पाकिस्तानीसेना को हराकर भारतीये सेना ने लहौर तक कब्जा कर लिया था और एक लाख सैनिक को भारतीय सेना ने बंधक बना लिया था उसके वाद पकिस्तान को बंगलादेश को अंततः आजाद करना पडा

पुष्पांजलि अर्पित करने वालो में जिलाउपाध्यक्ष विनय शर्मा धनन्जय कु सिंह रामजी प्रसाद उपेन्द्र कुशवाहा गौरीशंकर यादव राकेश शर्मा हेमंत कुमार रामधार शर्मा जयशंकर शर्मा मो आयुव अंसारी जियायुद्दीन मलिक एबं अन्य लोग मौजुद थे

राकेश शर्मा मीडिया प्रभारी
जिला कांग्रेस कमिटी जहानाबाद

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस अल्पसंख्यक कार्यालय कार्यालय बगहा 1 में मनाई गयी जयंती



दिनांक 19 नवम्बर 2023 को बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद के अध्यक्षता भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी की 106 वीं जयंती कांग्रेस अल्पसंख्यक कार्यालय कार्यालय बगहा 1में मनाई गयी। कार्यक्रम का संचालन प० चम्पारण युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुजीत कुमार सोनी ने किया कार्यकर्त्ताओं ने इंदिरा गांधी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी देश हित में कठोर से कठोर निर्णय बेहिचक लेने के लिए लेतीं थी।

चाहे वह व्यापार हो, किसानों के हित में हो चाहे देश हित में उन्होंने देश के सभी जाति धर्म के लोगों को तरजीह दी सबको साथ लेकर देश विकास पथ पर अग्रसर रहे मौके पर बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद, कांग्रेस बगहा पुलिस जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष हलीम अख्तर खान,प० चम्पारण जिला युवा कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत कुमार सोनी, बगहा युवा नगर अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, अनस अख्तर, शकील खान वगैरह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत आपके घर से कॉलेज कैम्पस तक बस एवं ट्रेन की सुविधा उपलब्ध है।

बस सेवा



दोपहर का भोजन

ट्रेन सेवा



मखदुमपुर स्टेशन/काको बाजार/घोसी बाजार/हिलसा बाजार/तेलहाडा बाजार
जहानाबाद कोर्ट स्टेशन/एकंगरसराय बाजार/इसलामपुर बाजार/हुलासगंज बाजार
खिजरसराय बाजार/सरवदहा बाजार/राजगीर ट्रेनिंग कैम्प।



- BPT
- BOT
- BHM
- BMLT
- BOTT
- B. Ophthal
- B.B.A
- B.C.A
- B.J.M.C
- B.Ed
- D.El.Ed
- BIY
- BMRIT

- DPT
- DOTA
- DMLT
- DMRIT
- DECG
- CMD
- B.A
- B.SC
- B.COM
- B.Lib
- ELECTRICIAN
- FITTER

माँ कमला चंद्रिका जी विद्यापीठ

Kasiyawa, Hullasganj, Jahanabad
+91-9771243093
info@www.mkcvidyapeeth.com
www.mkcvidyapeeth.com

MAA KAMLA CHANDRIKA JEE TEACHER'S TRAINING COLLAGE

C.NAGAR, NAURU, JEHANABAD